पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

एन0सी0सी0 से राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और विश्वास की प्रेरणा मिलती है - राज्यपाल

लखनऊ: 05 फरवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन में आयोजित एक समारोह में गणतंत्र दिवस परेड-2015 में सम्मिलित उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटों को स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटणकर, एन0सी0सी0 के अपर महानिदेशक, मेजर जनरल, एस0एस0 मामक सहित सेना के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर अन्त्त गुरप प्रतियोगिता में सफल हुए एन0सी0सी0 ग्रुप मुख्यालय लखनऊ को बैनर प्रदान करके सम्मानित भी किया।

राज्यपाल ने एन0सी0सी0 कैडेटों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और विश्वास का बहुत महत्व है। एन0सी0सी0 से राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और विश्वास की प्रेरणा मिलती है। भारत में 65 प्रतिशत युवाओं की जनसंख्या है। देश का निर्माण अनुशासित युवकों से होता है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए देश के प्रति अपने दायित्व को निभाना ही कर्तव्य है।

श्री नाईक ने कहा कि देश के सामने आज अनेक समस्याएं है। महिला सुरक्षा, सीमा सुरक्षा, आतंकवाद, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं को दूर करने का काम युवकों को करना होगा। ऐसी चुनौतियों का सामना करने के लिए और देश को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए दृढ़ संकल्प और कर्तव्यनिष्ठ होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संकल्प एवं निरन्तर मेहनत ऐसे साधन हैं जो प्रत्येक क्षेत्र में सफलता दिलाते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि जीवन की कड़ी स्पर्धा में जिसका व्यक्तित्व अच्छा होगा वहीं आगे बढ़ेगा। व्यक्तित्व विकास में अहंकार बाधक है। राज्यपाल ने कैडेटों को व्यक्तित्व सुधार के चार सूत्र भी बताये कि सदैव मुस्कुराते हुए चुनौतियों का सामना करें। किसी की अवमानना न करें। दूसरे के गुण ग्रहण करें तथा दूसरों के अच्छे गुणों की प्रशंसा भी करें और हर काम को और बेहतर तरीके से करने का प्रयास करें।

इस अवसर पर मेजर जनरल, एस0एस0 मामक ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा एन0सी0सी0 द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त विवरण भी दिया।

राज भवन

INVESTITURE CEREMONY OF R   IC DAY
TINGENT 2015 OF NCC DIR   TE UP
BY
RAM
OVERNOR OF

NCC DIRECTORATE UTTAR PRADESH